## कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, काशी वन्य जीव प्रभाग, रामनगर, वाराणसी

पत्रांक : 2216 /37/बन्दो0 /2020–21, रामनगर, दिनांक, दिसम्बर, 17 ,2020

सेवा में,

**अधिशासी अभियंता**
**अस्थाई खण्ड (प्र0प0)**
**लो0नि0वि0 चन्दौली।**

विषय : **जनपद चन्दौली के अन्तर्गत नौगढ़–धनकुवारीकलां से केसार सम्पर्क मार्ग 0.00 किमी0 से 22.80 किमी0 तक प्रभावित 19.62 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ : **मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 2239/11–सी0 दिनांक 28.05.2019 तथा इस कार्यालय का पत्र संख्या–1176/37/बन्दो0, दिनांक 19.09.2020**

महोदय,

जनपद चन्दौली में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत नौगढ़–धनकुवारीकलां से केसार सम्पर्क मार्ग 0.00 किमी0 से 22.80 किमी0 तक प्रभावित 19.62 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में आप द्वारा प्रस्ताव MoEF&CC की बेवसाइट पर आनलाइन किया गया है। ऑन लाइन अपलोड किये गये जिओरिफ्रेन्सियल मैप पर अंकित जी0पी0एस0 एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी, नौगढ़ रेंज द्वारा उपलब्ध कराये गये जी0पी0एस0 में भिन्नता पायी गयी है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि क्षेत्रीय वन अधिकारी नौगढ़ के द्वारा प्रेषित जी0पी0एस0 के अनुसार जिओरिफ्रेन्सियल मैप तैयार कर आपत्ति का निराकरण करते हुए MoEF&CC की बेवसाइट पर आनलाइन कर संशोधित प्रस्ताव की हार्ड कापी पाँच प्रतियो में तत्काल इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें, जिससे उक्त प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्यवाही करते हुए उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सके।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
काशी वन्य जीव प्रभाग, रामनगर,
वाराणसी

पत्रांक : / उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव पश्चिमि क्षेत्र उ0प्र0, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि जिलाधिकारी चन्दौली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि अधीक्षण अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई, वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
काशी वन्य जीव प्रभाग, रामनगर,
वाराणसी।